श्री आचार्य - [illegible]

गुरुकुल विश्वविद्यालय, वृन्दावन

[illegible]
1.11.29

आज फिर मुझे यहां गुरुकुल में आकर बहुत खुशी हुई।

9.5

जवाहरलाल नेहरू

मुझे गुरुकुल वृन्दावन देखने का अवसर मिला। मैंने अपने विचार अभी सभा में प्रकट किये हैं। यह संस्था देश और समाज की इस भाव से सेवा कर रही है। मैं इसकी उन्नति चाहता हूं।

गोविन्द वल्लभ पन्त
25.10.48

Sd. गोविन्द वल्लभ पन्त

पंचवर्षीय
नियमावली तथा पाठविधि

जून १९७४

प्रस्तोता

गुरुकुल विश्वविद्यालय, वृन्दावन

ओ३म्

गुरुकुल विश्व विद्यालय वृन्दावन

—संक्षिप्त परिचय—

१. आदर्श—

गुरुकुल विश्व-विद्यालय वृन्दावन, भारत की एक प्रमुख राष्ट्रिय शिक्षा संस्था है जो ७५ वर्ष से भी अधिक काल से अपनी विशिष्ट शिक्षण पद्धति द्वारा देश की वहुमूल्य सेवा कर रही है। आज से ७५ वर्ष पूर्व, जब कि देश का सारा वातावरण विदेशीय आदर्शों से अनुप्राणित एवं प्रभावित था और शिक्षण-क्षेत्र में राष्ट्रिय चेतना का उद्भव भी नहीं हुआ था उस समय, भारत में प्रचलित विदेशीय शिक्षा-प्रणाली के प्रति विद्रोह कर, राष्ट्रिय शिक्षा का एक क्रियात्मक आदर्श देश के सामने प्रस्तुत करने की उदात्त भावना से आर्य समाज के नेताओं ने इस संस्था की स्थापना की थी।

गुरुकुल शिक्षा प्रणाली भारत की प्राचीन शिक्षा प्रणाली है। आर्यसमाज के संस्थापक ऋषि दयानन्द और उनके अनुयायी प्राचीन वैदिक संस्कृति के अनन्योपासक, एवं उसके पुनरुज्जीवन के लिए कृत-संकल्प थे। मानव जीवन के अभ्युदय एवं निःश्रेयस् के सभी उदात्त आदर्श प्राचीन वैदिक संस्कृति के भीतर समाविष्ट हैं। मानव तथा राष्ट्र के कल्याण के लिए जो कुछ भी, "सत्यं, शिवं और सुन्दरं" इस विश्व में है उस सबका समन्वय प्राचीन भारतीय संस्कृति में मिल सकेगा। इसलिए प्राचीन भारतीय संस्कृति के आदर्शों से अनु-

प्रकाशक :
गुरुकुल विश्वविद्यालय,
वृन्दावन

मुद्रक :
आगरा फाइन आर्ट प्रेस,
राजामंडी, आगरा-२

ओ३म्

गुरुकुल विश्व विद्यालय वृन्दावन

—संक्षिप्त परिचय—

१. आदर्श—

गुरुकुल विश्व-विद्यालय वृन्दावन, भारत की एक प्रमुख राष्ट्रिय शिक्षा संस्था है जो ७५ वर्ष से भी अधिक काल से अपनी विशिष्ट शिक्षण पद्धति द्वारा देश की बहुमूल्य सेवा कर रही है। आज से ७५ वर्ष पूर्व, जब कि देश का सारा वातावरण विदेशीय आदर्शों से अनुप्राणित एवं प्रभावित था और शिक्षण-क्षेत्र में राष्ट्रिय चेतना का उद्भव भी नहीं हुआ था उस समय, भारत में प्रचलित विदेशीय शिक्षा-प्रणाली के प्रति विद्रोह कर, राष्ट्रिय शिक्षा का एक क्रियात्मक आदर्श देश के सामने प्रस्तुत करने की उदात्त भावना से आर्य समाज के नेताओं ने इस संस्था की स्थापना की थी।

गुरुकुल शिक्षा प्रणाली भारत की प्राचीन शिक्षा प्रणाली है। आर्यसमाज के संस्थापक ऋषि दयानन्द और उनके अनुयायी प्राचीन वैदिक संस्कृति के अनन्योपासक, एवं उसके पुनरुज्जीवन के लिए कृत-संकल्प थे। मानव जीवन के अभ्युदय एवं निःश्रेयस् के सभी उदात्त आदर्श प्राचीन वैदिक संस्कृति के भीतर समाविष्ट हैं। मानव तथा राष्ट्र के कल्याण के लिए जो कुछ भी, "सत्यं, शिवं और सुन्दरं" इस विश्व में है उस सबका समन्वय प्राचीन भारतीय संस्कृति में मिल सकेगा। इसलिए प्राचीन भारतीय संस्कृति के आदर्शों से अनु-

प्राणित गुरुकुल-शिक्षा-पद्धति ही देश के लिए कल्याण-कारिणी शिक्षा-पद्धति हो सकती है इसी निष्ठा से गुरुकुल की स्थापना की गई थी।

२. मूल प्रेरणा—

आर्य समाज के नेताओं को गुरुकुल की स्थापना करने की मूल प्रेरणा ऋषि दयानन्द के 'सत्यार्थ प्रकाश' में प्रतिपादित शिक्षा सिद्धान्तों से प्राप्त हुई थी। ऋषि दयानन्द ने सत्यार्थ-प्रकाश के तृतीय समुल्लास में लिखा है—

"जन्म से पांचवें वर्ष तक बालकों को माता, छठे वर्ष से आठवें वर्ष तक पिता शिक्षा प्रदान करे। नवें वर्ष के आरम्भ में अपनी सन्तानों को गुरुकुल में, जहाँ पूर्ण विद्वान् पुरुष और पूर्ण विदुषी स्त्री शिक्षा और विद्या दान करने वाले हों विद्याभ्यास के लिए भेजदें।

वहाँ जो अध्यापिका और अध्यापक व भृत्य अनुचर आदि हों वे कन्याओं के गुरुकुल में सब स्त्री, और बालकों के गुरुकुल में सब पुरुष हों।

सबको तुल्य वस्त्र, खान-पान, आसन दिए जावें। चाहे वह राजकुमार या राजकुमारी हों चाहे दरिद्र की सन्तान हों। सबको तपस्वी होना चाहिए।

इसमें राजनियम और जाति नियम होना चाहिए कि आठवें वर्ष के आगे कोई अपने लड़के लड़कियों को घर में रख न सके। गुरुकुल अवश्य भेजदें। जो न भेजे वह दण्डनीय हो।"

ऋषि दयानन्द के इन्हीं वाक्यों से प्रेरणा प्राप्त कर आज से ७५ वर्ष पूर्व आर्यसमाज के नेताओं ने इस गुरुकुल की स्थापना की थी।

३. शिक्षा क्षेत्र में गुरुकुल पद्धति की मौलिक देन—

गुरुकुल की स्थापना द्वारा आर्य-समाज ने भारत के वर्तमान शिक्षण-क्षेत्र में जो महत्त्वपूर्ण आदर्श उस समय उपस्थित किए थे, वे

सार्वभौम और शाश्वत आदर्श थे, इसलिए आज भी उनकी उपयोगिता वैसी ही अक्षुण्ण है जैसी आज से ७५ या पचहत्तर वर्ष पूर्व थी। गुरुकुल पद्धति के उन मौलिक आदर्शों को हम निम्न रूप से परिगणित कर सकते हैं :—

१—आठ वर्ष से पच्चीस वर्ष तक का काल बालकों का शिक्षणकाल है। इस काल में बालकों को अनिवार्य रूप से ब्रह्मचर्याश्रम के नियमों का पालन करते हुए गुरुजनों के अधीन रहकर विद्योपार्जन करना चाहिए।

२—विद्यार्थी-जीवन कठोर तपस्या-पूर्ण ब्रह्मचर्य जीवन होना चाहिए।

३—ब्रह्मचारी की शिक्षणशाला का रूप घर से अलग परन्तु वास्तविक 'कुल' या 'परिवार' का रूप होना चाहिए। इस परिवार का अध्यक्ष आचार्य है। आचार्य के सहयोगी गुरुजन उनके कनिष्ठ भ्राता, और ब्रह्मचारी गण उनके पुत्र हैं। ये सब मिलकर एक परिवार या 'गुरुकुल' है। परिवार के सभी सदस्यों, अर्थात् आचार्य, गुरु, शिष्य सबको एक ही स्थान पर एक ही आश्रम में मर्यादा पूर्वक रहना चाहिए।

४—गुरुकुल में रहने वाले सब ब्रह्मचारी परस्पर सहोदर एक ही सावित्री माता के उदर में रहने वाले—सहोदर भाई हैं। यह भ्रातृ-भावना ही वह मौलिक तथ्य है जो वैदिक साम्यवाद की जननी है। इसी आधार-भित्ति पर वर्ग-संघर्ष-विहीन, एक आदर्श राष्ट्र का निर्माण हो सकता है।

५—ब्रह्मचारी के मानसिक विकास के साथ उसके चरित्र के निर्माण और उसकी शारीरिक एवं आत्मिक शक्तियों के भी विकास का अवसर देना और उसके विकास के साधन जुटाना शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य है। अतएव हमारी शिक्षा 'धर्म विहीन शिक्षा' नहीं, अपितु 'धर्म-प्रधान' शिक्षा होनी चाहिए। विद्यार्थी के जीवन में

आस्तिकता एवं धार्मिक भावना का पुट दिए बिना वह राष्ट्र के लिए कल्याणकारी नहीं हो सकता है।

६—शिक्षा का माध्यम 'मातृ-भाषा' ही होनी चाहिए। समस्त विद्याओं एवं विज्ञानों को अपनी मातृभाषा द्वारा आत्मसात् करके बालकों को शिक्षा देने से बालक उनको सरलता से और स्वल्प समय में अपेक्षाकृत अधिक ज्ञान को आत्मसात् कर सकता है।

संक्षेपतः शिक्षा क्षेत्र के लिए यही गुरुकुल शिक्षा पद्धति की मौलिक देन है। इन्हीं आदर्शों के आधार पर इस गुरुकुल की स्थापना हुई है। हमारे राष्ट्रियशिक्षा-क्षेत्र में इन आदर्शों की एक अपरिस्फुट अनुभूति अब आरम्भ हो रही है परन्तु उसका पूर्णतः अपनाना अभी दूर की बात है।

४. संचालन तथा विधान—

गुरुकुल विश्व-विद्यालय वृन्दावन का संचालन उत्तर प्रदेश की श्रीमती आर्य प्रतिनिधि के तत्त्वावधान में हो रहा है। श्रीमती आर्य प्रतिनिधि सभा पूर्णतः प्रजातंत्रात्मक एवं पंजीकृत (रजिस्टर्ड) संस्था है। उत्तर प्रदेश के विभिन्न नगरों तथा ग्रामों में अवस्थित लगभग १००० आर्यसमाजों के विधिवत् निर्वाचित प्रतिनिधियों से मिल कर इस सभा का संगठन होता है। विश्व-विद्यालीय विधानों में जो स्थान उनकी सिनेट अथवा कोर्ट का होता है, गुरुकुल के विधान में आर्य-प्रतिनिधि सभा का वही स्थान । इसके अतिरिक्त विश्व-विद्यालयों के विधानों के साथ गुरुकुलीय विधान की समितियों आदि की तुलना इस प्रकार की जा सकती है—

१—श्रीमती आर्य प्रतिनिधि सभा	=सिनेट अथवा कोर्ट
२—अन्तरङ्ग सभा	=एक्ज़ीक्यूटिब कौंसिल
२—विद्या सभा	=एकाडमिक कौंसिल

४—शिक्षा समिति =फ़ैकल्टी, [संकाय]
५—विषय समिति =बोर्ड आफ़ स्टडीज़

५. पदाधिकारी—

उक्त संविधान के अनुसार गुरुकुल विश्व-विद्यालय वृन्दावन के लिए उत्तर प्रदेशीय आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा विश्व-विद्यालीय स्तर के निम्न पदाधिकारी निर्वाचित होते हैं—

१. कुलपति— [आर्य प्रतिनिधि सभा उ० प्र० के प्रधान स्वपदेन गुरुकुल विश्व-विद्यालय वृन्दावन के कुलपति होते हैं।]

२. उपकुलपति— [विद्या सभा द्वारा भेजे गए तीन व्यक्तियों के नामों में से गुरुकुल विश्व विद्यालय वृन्दावन के कुलपति महोदय किसी एक को उपकुलपति मनोनीत करते हैं।]

३. मुख्याधिष्ठाता—[गुरुकुल विश्व-विद्यालय वृन्दावन की प्रबन्ध-व्यवस्था के लिए सभा एक मुख्याधिष्ठाता (प्रोवाइस चांसलर) को नियुक्त करती है।]

४. प्रस्तोता —[रजिस्ट्रार] गुरुकुल को विद्या-सभा इनका प्रतिवर्ष चयन करती है।

५. आचार्य—ये पाँच गुरुकुल विश्व-विद्यालय वृन्दावन के मुख्य पदाधिकारी होते हैं।

६. कार्यक्षेत्र—

गुरुकुल विश्व-विद्यालय वृन्दावन, उत्तर प्रदेश के सुप्रसिद्ध एवं प्राचीन परन्तु अपेक्षाकृत अत्यन्त छोटे नगर वृन्दावन के समीप यमुना तट पर एकान्त में स्थित है। उसका संचालन उत्तर प्रदेश की श्रीमती आर्य प्रतिनिधि सभा करती है। परन्तु फिर भी वह एक स्थानीय अथवा प्रदेशीय संस्था न होकर वस्तुतः एक 'अखिल-भारतीय' ख्याति एवं गौरव की संस्था है। उसका कार्य क्षेत्र बड़ा व्यापक और

सार्वदेशिक है। उसमें न केवल मथुरामण्डल अथवा व्रजमण्डल के ही विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करते हैं, अपितु उत्तर प्रदेश के सभी जिलों, और उत्तर प्रदेश से बाहर मध्य प्रदेश, बिहार, आसाम, बंगाल, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्कल, मद्रास, राजस्थान, हिमाचल आदि भारत के सभी प्रदेशों से तथा भारत से बाहर बर्मा, स्याम और समुद्र पार फ़ीजो-द्वीप, अफ्रीका आदि सुदूरवर्ती देश-देशान्तरों तथा द्वीप-द्वीपान्तरों से आ आकर अनेकों विद्यार्थी यहाँ शिक्षा प्राप्त करते रहे हैं और कर रहे हैं। देश में दर्जनों राजकीय विश्व-विद्यालय हैं। परन्तु उनमें से विरले ही होंगे जिन्हें इतने व्यापक क्षेत्र में सेवा करने और अपने प्रवासी भाइयों के स्नेह पात्र एवं विश्वास भाजन बननें, उनकी सहायता करने का अवसर एवं सौभाग्य प्राप्त हुआ हो। गुरुकुल वृन्दावन एक छोटी संस्था है। उसके साधन बहुत परिमित हैं। परन्तु उसे इतने अधिक व्यापक क्षेत्र की जनता का जो यह अटूट स्नेह और विश्वास प्राप्त हुआ है, वह उसकी अक्षय-निधि है। उस पर उसे गर्व है।

७. नामकरण और उसका आधार—

गुरुकुल, प्राचीन शिक्षा पद्धति के आदर्श पर चलने वाली संस्था है। उसके साथ जुड़ा हुआ विश्व-विद्यालय शब्द उसके क्षेत्र की व्यापकता का सूचक है। विश्व के विभिन्न भागों से अनेक छात्र शिक्षा प्राप्त करने के लिए यहाँ आते रहते हैं इसीलिए इसे 'विश्व-विद्यालय' कहा जाता है। अब तक विश्व के अन्य देशों से गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त करने आने वाले छात्रों की संख्या निम्न प्रकार रही है—

१—फीजी द्वीप	१९
२—थाई देश	१४
३—पाकिस्तान सिन्ध	६
४—अफ्रीका	१

५.—डचगायना	१
६.—इंग्लैंड	२
७.—भूटान	१५
कुल योग	५८

८. लोक संवर्धना—

जैसा कि कहा जा चुका है, गुरुकुल की स्थापना विदेशीय शिक्षा प्रणाली के प्रति विद्रोह करके, उसकी एक प्रतिद्वन्द्वी संस्था के रूप में की गई थी। एक ओर राजशक्ति, राजवैभव, राज-प्रभाव सभी कुछ था और दूसरी ओर था केवल राष्ट्र प्रेम। एक आदर्श और उसके साथ उपेक्षा, अपमान, अर्थाभाव और भिक्षा की झोली। यह तो "घटानां निर्मातुस्त्रिभुवनविधातुश्च कलहः" का उदाहरण था उसमें कहीं राजकीय सहायता का प्रश्न ही नहीं उठ सकता था। इसलिए गत आधी शताब्दी के सुदीर्घ लम्बे काल में इस गुरुकुल संस्था का संचालन राजकीय सहायता का एक भी पैसा लिए बिना केवल जनता की उदार सहायता से हुआ है। गुरुकुल के संचालकों ने विदेशी शासन काल में सदैव आर्थिक संकटों में ग्रस्त रहने पर भी सरकारी सहायता का एक भी पैसा लेने का विचार तक भी कभी नहीं किया। अपितु उसे सदैव विषवत् परित्याज्य ही माना। जिस दिन इस संस्था की स्थापना का विचार इसके संस्थापकों के मन में आया था उस समय उनके पास साधन सामग्री के नाम पर शून्य था। उनके उस पवित्र संकल्प, दृढ़ निश्चय एवं अदम्य उत्साह ने ही शून्य से इस विशाल वृक्ष की सृष्टि की थी। यह सब उस भिक्षा की झोली का प्रताप है जिसे भारत की सर्वसाधारण जनता ने सदैव अपने प्रेम से पूर्ण करते रहने का प्रयत्न किया है। पचास वर्ष के लम्बे समय तक,

सरकारी सहायता का एक भी पैसा लिए बिना लगभग ६० सहस्र वार्षिक का भारी व्यय करके जनता ने इस संस्था का संवर्धन और पोषण किया है ! इसलिए इतने लम्बे समय तक जनता का जो अटूट विश्वास, अटल स्नेह इस संस्था को प्राप्त हुआ है, वह गुरुकुल जैसी सार्वजनिक संस्था के लिए आदर एवं गौरव की वस्तु है, और उसकी विश्वसनीयता एवं लोक-प्रियता का उज्वल प्रमाण है।

९. उपाधि मान्यता—

१. गुरुकुल विश्व-विद्यालय, वृन्दावन की शिरोमणि उपाधि को उत्तर प्रदेश के प्रमुख राजकीय विश्व-विद्यालय आगरा यूनीवर्सिटी ने सन् १९४९ से तथा गोरखपुर यूनीवर्सिटी (१९५७), कानपुर (१९६८), मेरठ (१९६८) ने अपने स्थापना काल से ही बी० ए० उपाधि के समकक्ष स्वीकृत कर 'शिरोमणि' उपाधिधारी स्नातकों को हिन्दी, संस्कृत, दर्शन, राजनीति तथा अर्थशास्त्र विषयों में अपने यहाँ की एम० ए० कक्षाओं में प्रवेश की अनुमति प्रदान की।

२. इसी प्रकार देश की सबसे प्रमुख दिल्ली यूनीवर्सिटी नें ६ सितम्बर १९५६ से गुरुकुल विश्वविद्यालय, वृन्दावन की शिरोमणि उपाधि को अपने यहाँ वी० ए० [पास] उपाधि के समकक्ष स्वीकृत कर शिरोमणि उपाधिधारी स्नातकों को अपने यहाँ हिन्दी, संस्कृत तथा दर्शन विषयों की एम० ए० कक्षाओं में प्रविष्ट होने की सुविधा प्रदान की है।

३. उत्कल विश्व-विद्यालय, कटक (उड़ीसा) ने पत्र संख्या A/e 8013 दिनाङ्क १-६-५९ द्वारा गुरुकुल की शिरोमणि उपाधि को B. A. के समकक्ष स्वीकृत कर लिया है और उस्मानिया विश्व-विद्यालय हैदरावाद ने पत्र संख्या Academic/c. 131/56/8649 दिनाङ्क १२-१२-५७ द्वारा संस्कृत विषय में M. A. में प्रवेश के लिए गुरुकुल की शिरोमणि उपाधि को B. A, के समकक्ष स्वीकृत किया है।

४. आन्ध्र विश्व-विद्यालय ने १४ अगस्त १९५६ से गुरुकुल की शिरोमणि उपाधि को अपने यहां के कालिजों में नियुक्त होने वाले हिन्दी अध्यापकों के लिए निर्धारित योग्यता सूची में समाविष्ट कर लिया है।

५. उत्तर प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा-परिषद् [बोर्ड आफ़ हाई स्कूल एण्ड इण्टरमीजिएट एजूकेशन] ने गुरुकुल की शिरोमणि उपाधि को अपने तत्वावधान में संचालित विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में नियुक्त, इण्टर कक्षाओं तक पढ़ाने वाले संस्कृताध्यापकों एवं हिन्दी अध्यापकों के लिए निर्धारित योग्यता-सूची में सम्मिलित कर लिया है।

६. उत्तर प्रदेश की उक्त माध्यमिक शिक्षा परिषद् ने गुरुकुल को अधिकारी परीक्षा को ८-६-१९४८ से अपने यहाँ को हाईस्कूल परीक्षा के समकक्ष मान्यता प्रदान की हुई है। अधिकारी परीक्षोत्तीर्ण छात्र उच्च माध्यमिक विद्यालयों में ११ वीं कक्षा में अथवा इण्टर परीक्षा में प्रवेश पा सकते हैं।

७. उत्तर प्रदेश सरकार ने जी० ओ० नं० २५०३।२ बी० १३–५२ दिनांक २३ अक्टूबर १९४२ के अनुसार गुरुकुल की अधिकारी परीक्षा को नियुक्ति के लिए हाईस्कूल परीक्षा के समकक्ष मान्यता प्रदान की है। इसके पूर्व यह मान्यता अस्थायी थी। उक्त तिथि से वह स्थायी हो गई है।

८. उत्तर प्रदेशीय सरकार के अनुसार भारत-सरकार ने भी गुरुकुल की अधिकारी परीक्षा को नियुक्तियों के लिए हाईस्कूल परीक्षा के समकक्ष मान्यता प्रदान कर दी है।

९. उत्तर प्रदेशीय भारतीय चिकित्सा परिषद् (बोर्ड आफ इण्डियन मैडीसन) ने गुरुकुल की आयुर्वेद विषयक 'आयुर्वेद-शिरोमणि' उपाधि को रस्ट्रिेशन के लिए स्वीकार किया हुआ है।

१०. उत्तर प्रदेश के बाहर मध्य प्रदेश, वम्वई, पंजाब आदि अन्य राज्यों में भी गुरुकुल की आयुर्वेद-विषयक 'आयुर्वेद-शिरोमणि' परीक्षा को मान्यता प्राप्त है।

प्रवेश-नियम

१०. प्रवेश काल—

शिक्षा का नवीन सत्र जुलाई मास में आरम्भ होता है इसलिये नवीन ब्रह्मचारियों का प्रवेश प्रति वर्ष जुलाई मास में ही होता है। किन्तु केवल प्रारम्भिक [तृतीय चतुर्थ] श्रेणियों में दिसम्बर मास में [गुरुकुल के वार्षिकोत्सव पर] भी नवीन ब्रह्मचारियों का प्रवेश हो सकता है।

११. प्रार्थना पत्र—

गुरुकुल में प्रवेश के लिये निर्धारित प्रपत्र पर ही प्रार्थना पत्र देना होता है। प्रवेश नियम तथा निर्धारित प्रार्थना प्रपत्र की प्रतियां २५ न. पै. के टिकट भेज कर गुरुकुल कार्यालय से मंगाई जा सकती हैं।

१२. विद्यालय विभाग में प्रवेश की योग्यता—

(क)—तृतीय चतुर्थ कक्षा—८ वर्ष तक की आयु के बाहर की तृतीय कक्षा उत्तीर्ण अथवा तृतीय कक्षा तक पढ़े हुए बालक गुरुकुल की तृतीय कक्षा में, तथा बाहर की चतुर्थ कक्षा उत्तीर्ण बालक गुरुकुल की चतुर्थ कक्षा में प्रविष्ट होंगे।

(ख)—पञ्चम षष्ठ कक्षा—११ वर्ष तक की आयु के बाहर के पञ्चम कक्षा उत्तीर्ण बालक गुरुकुल की पञ्चम कक्षा में तथा षष्ठ कक्षा उत्तीर्ण बालक षष्ठ कक्षा में प्रविष्ट हो सकेंगे। किन्तु इन ब्रह्मचारियों के संस्कृत ज्ञान की कमी की पूर्ति के लिये विशेष व्यवस्था करनी होगी। इसके निमित्त इन ब्रह्मचारियों को एक वर्ष तक १५) मासिक विशेष व्यवस्था शुल्क देना होगा।

(ग) सप्तम कक्षा—१३ वर्ष तक की आयु के बाहर की सप्तम

तथा अष्टम कक्षा उत्तीर्ण ब्रह्मचारी गुरुकुल की सप्तम [विशेष] कक्षा में प्रविष्ट हो सकेंगे किन्तु इनकी संस्कृत की कमी की पूर्ति कराने के लिये दो वर्ष तक विशेष व्यवस्था की आवश्यकता होगी। इसके निमित्त इन ब्रह्मचारियों को दो वर्ष तक १५) मासिक विशेष व्यवस्था शुल्क देना होगा।

(घ) नवम कक्षा—१४ वर्ष तक की आयु के अंग्रेजी सहित प्रथमा अथवा अंग्रेजी रहित पूर्व मध्यम परीक्षा उत्तीर्ण ब्रह्मचारियों को गुरुकुल की नवम कक्षा में प्रविष्ट किया जा सकेगा। किन्तु इनकी धर्मशास्त्र तथा अन्य विषयों की कमी की पूर्ति के लिये एक वर्ष तक विशेष व्यवस्था करनी होगी। इसलिए इनको एक वर्ष तक १५) मासिक विशेष व्यवस्था शुल्क देना होगा।

१३. महाविद्यालय विभाग में प्रवेश की योग्यता—

(क) एकादश कक्षा—संस्कृत लेकर हाईस्कूल परीक्षोत्तीर्ण अथवा अंग्रेजी सहित पूर्व मध्यमा परीक्षा उत्तीर्ण १६ वर्ष तक की आयु के [अविवाहित तथा विवाहार्थ असम्बद्ध] ब्रह्मचारी गुरुकुल की ११ वीं कक्षा में प्रविष्ट हो सकेंगे किन्तु उनकी संस्कृत धर्मशास्त्रादि विषयों की कमी की पूर्ति कराने के लिये एक वर्ष तक विशेष व्यवस्था की आवश्यकता होगी। इसके निमित्त उन्हें एक वर्ष तक २०) रुपये मासिक विशेष व्यवस्था शुल्क देना होगा।

(ख) द्वादश कक्षा—संस्कृत सहित इंटरमीजिएट अथवा उत्तर-मध्यमा परीक्षोत्तीर्ण १८ वर्ष की आयु के [अविवाहित तथा विवाहार्थ असम्बद्ध] ब्रह्मचारियों को गुरुकुल की १२ वीं कक्षा में प्रविष्ट किया जा सकेगा। इन्हें भी एक वर्ष तक २०) मासिक विशेष व्यवस्था शुल्क देना होगा।

(ग) गुरुकुल विश्व-विद्यालय की विद्या-सभा द्वारा स्वीकृत किसी अन्य गुरुकुल के बारहवीं कक्षा तक पढ़े हुए १८ वर्ष तक की आयु के

अविवाहित तथा विवाहार्थ असंवद्ध स्नातक [या स्नातिका] गुरुकुल की १२ वीं कक्षा में प्रविष्ट हो सकेंगे। इन्हें भी एक वर्ष तक २०) मासिक विशेष व्यवस्था शुल्क देना होगा।

(घ) अंग्रेजी रहित शास्त्री परीक्षोत्तीर्ण २० वर्ष तक की आयु के [अविवाहित तथा विवाहार्थ असम्बद्ध] छात्र नियमित ब्रह्मचारी के रूप में गुरुकुल की १२ वीं कक्षा में प्रविष्ट हो सकते हैं। इन्हें भी एक वर्ष तक २०) मासिक विशेष व्यवस्था शुल्क देना होगा।

(ङ) त्रयोदश कक्षा—गुरुकुल विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत किसी अन्य गुरुकुल के २० वर्ष तक की आयु के [अविवाहित तथा विवाहार्थं असम्बद्ध] स्नातक [अथवा स्नातिका] यदि उन्होंने शास्त्री परीक्षा भी उत्तीर्ण करली हो तो गुरुकुल की १३ वीं कक्षा में प्रविष्ट हो सकते हैं। एक वर्ष तक २०) मासिक विशेष व्यवस्था शुल्क देना होगा।

(च) (१) अंग्रेजी सहित शास्त्री प्रथम खण्ड परीक्षोत्तीर्ण (२) अथवा अंग्रेजी सहित उत्तर मध्यमा उत्तीर्ण अथवा (३) इन्टर+उत्तर-मध्यमा परीक्षोत्तीर्ण २० वर्ष तक की आयु के [अविवाहित तथा विवाहार्थं असम्वद्ध] ब्रह्मचारी गुरुकुल की १३ वीं कक्षा में प्रविष्ट हो सकते हैं। एक वर्ष तक २०) मासिक विशेष व्यवस्था शुल्क देना होगा।

१४. प्रवेश व्यय—

प्रवेश के समय प्रत्येक ब्रह्मचारी को १५०) [तीन मास का शुल्क] सुरक्षा धन के रूप में, ५०) चालू मास का शुल्क तथा ४०) तख्त का मूल्य, कुल मिला कर २४०) जमा करना होता है।

१५. सुरक्षा धन की स्थिति—

इस प्रवेश-व्यय में से जो १५०) सुरक्षा धन के रूप में लिया जाता है उसकी स्थिति यह [क] यदि ब्रह्मचारी गुरुकुल की शिक्षा पूर्ण किए

बिना बीच में छोड़कर चला जाता है तो यह धन 'विलीन' हो जाता है। वापिस नहीं मिलता है। [ख] यदि ब्रह्मचारी गुरुकुल की शिक्षा पूर्ण कर स्नातक बनेगा तो इसमें से ५०) उसके स्नातक-वेष [गाउन] के मूल्य मध्ये काट कर शेष उसके अन्तिम शुल्क मध्ये जमा हो जायगा।

१६. प्रवेश के समय देने का सामान—

प्रवेश के समय ब्रह्मचारी के व्यवहार में आने वाले वस्त्र तथा पात्रादि की व्यवस्था निम्न प्रकार करनी चाहिए।

(क) गुरुकुल की बेष-भूषा में धोती, कुर्ता, नेकर का ही प्रयोग निर्धारित है। कोट, पैंट, पाजामा वर्जित है। अतः गुरुकुल के नियमानुसार ही वस्त्र बनवाने चाहिए।

(ख) ब्रह्मचारी के साल भर के प्रयोग के गर्मी के उपयोगी निम्न वस्त्र प्रवेश के समय दे देने चाहिए—

४ धोती, ४ कुर्ता [कुर्ते ही बनवाने चाहिए, कमीज या बुशशर्ट नहीं] ४ चादर, ४ नेकर, ४ लंगोट, ४ अंगोछा, १ दरी, १ तकिया। [वस्त्रों में २ धोती, २ कुर्ता सफेद खद्दर के होने चाहिए]।

जाड़े के लिए—१ ऊनी कुर्ता [या सूटर], १ ऊनी जवाहरबंडी १ रजाई, १ कम्बल, १ गद्दा ये वस्त्र दिवाली के पहिले अवश्य बनवा देने चाहिए।

आवश्यक पात्र भी प्रवेश के समय ही दे देना चाहिए।

वस्त्रों तथा पात्रों में समानता रखने के लिए यहां आकर ही उनके खरीदने बनवाने आदि की व्यवस्था करनी चाहिये।

१७. मासिक शुल्क—

ब्रह्मचारियों से 'शिक्षा शुल्क' नहीं लिया जाता है। किन्तु भोजनादि अन्य व्यवस्थाओं के लिए 'मासिक शुल्क' निम्न प्रकार से लिया जाता है—

प्रारम्भ से पञ्चम कक्षा तक—	५०) मासिक
षष्ठ से दशम कक्षा तक—	५५) मासिक
एकादश से चतुर्दश कक्षा तक—	६०) मासिक

घृत, दुग्ध, वस्त्र, पुस्तकादि का व्यय इसमें सम्मिलित नहीं है। उनका प्रबन्ध ब्रह्मचारी को स्वेच्छानुसार स्वयं करना होता है।

कन्याओं के लिये—कन्या गुरुकुल महाविद्यालय हाथरस (अलीगढ़) कन्याओं को शिक्षा के लिए गुरुकुल विश्व-विद्यालय वृन्दावन से सम्बद्ध संस्था है। प्रवेश योग्यता सम्बन्धी इन्हीं नियमों के अनुसार वहाँ कन्याओं का प्रवेश सम्वद्ध कक्षाओं में हो सकेगा। मासिक शुल्क के नियम उनके अलग हैं।

१८. प्रतिज्ञापत्र—

प्रवेश के समय प्रत्येक ब्रह्मचारी के संरक्षक को निम्नांकित मुद्रित प्रतिज्ञापत्र पर हस्ताक्षर करने होते हैं—

(क) मैंने गुरुकुल विश्व-विद्यालय वृन्दावन के नियमों को भली भांति समझ कर अपने बालक चिरंजोव ब्रह्मचारी को जिसका कि मैं पिता या संरक्षक हूँ [दोनों में अनावश्यक एक को काट दें] गुरुकुल में प्रविष्ट कराया है।

(ख) मैं घोषित करता हूँ कि मेरा यह ब्रह्मचारी इस समय अविवाहित तथा विवाहार्थ असम्बद्ध है और मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि जब तक यह ब्रह्मचारी गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त करेगा तब तक मैं इसको अविवाहित तथा विवाहार्थ असम्वद्ध ही रखूँगा।

(ग) गुरुकुल के जो नियम अब हैं, अथवा गुरुकुल की संचालिका सभा भविष्य में उनमें जो भी संशोधन, परिवर्तन-परिवर्धन आदि करे उन सबको मैं तथा [मेरे बाद ब्रह्मचारी के शिक्षा काल के अभिभावक] मेरे उत्तराधिकारी पूर्ण रूप से पालन करेंगे।

(घ) मैं अपने इस बालक को गुरुकुल की शिक्षा पूर्ण कराकर

स्नातक बनाने की भावना से ही गुरुकुल में प्रविष्ट कर रहा हूँ। इस लिए मैं ब्रह्मचारी को स्नातक बनने तक गुरुकुल में ही रखने का पूर्ण प्रयत्न करूँगा।

(ङ) मैं जानता हूं कि गुरुकुल में 'शिक्षा शुल्क' नहीं लिया जाता है। मैं केवल ब्रह्मचारी के भोजनादि व्यवस्था के लिए ही शुल्क देता हूं। उसकी शिक्षा पर जो व्यय आता है वह गुरुकुल को करना पड़ता है। मैं यत्न करूँगा कि इस कार्य में गुरुकुल की सहायतार्थ अपने प्रभाव क्षेत्र से समय-समय पर दान रूप में कुछ न कुछ धन भिजवाता रहूँ।

(च) मैं यह विश्वास दिलाता हूँ कि मैं अपने ब्रह्मचारी का मासिक शुल्क तथा अन्य जो भी देय होगा उसे नियमित रूप से प्रति मास गुरुकुल भेजता रहूँगा।

हस्ताक्षर

दिनाङ्क १९७ पता

१९. आश्रम व्यवस्था –

सभी ब्रह्मचारियों के लिए आश्रम में रहने की उत्तम व्यवस्था हैं। आश्रम-पद्धति गुरुकुल की मुख्य विशेषता है। आश्रम में ब्रह्मचारियों की हर समय देख रेख करने तथा विद्यालय के अतिरिक्त समय में उनको पठन-पाठन में सहायता पहुँचाने के लिए आश्रम में विशेष आश्रमाध्यापक या संरक्षक रहते हैं। आश्रम में रहने वाले सभी ब्रह्मचारियों को नियत दिनचर्या के अनुसार सारा कार्य करना होता है। ऋतुओं के अनुसार दिनचर्या के कार्यक्रम में एक आध घण्टे का अन्तर कर दिया जाता है परन्तु साधारण दिनचर्या निम्न प्रकार रहती है। प्रत्येक ब्रह्मचारी के लिए इस दिनचर्या का पालन करना अनिवार्य है।

२०. दिनचर्या—

१. ब्रह्म मुहूर्त में प्रातःकाल साढ़े चार बजे उठना ।
२. साढ़े पांच बजे तक शौच, दन्तधावन और स्नान से निवृत्त होना ।
३. साढ़े पांच बजे से छः बजे तक यज्ञशाला में संध्या अग्निहोत्र ।
४. छः बजे से साढ़े छः बजे तक दौड़ या अन्य व्यायाम ।
५. साढ़े छः बजे से साढ़े आठ बजे तक पाठों का स्वाध्याय करना ।
६. साढ़े आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक भोजन ।
७. पौने दस बजे तक विश्राम तथा विद्यालय की तैयारी ।
८. दस बजे से विद्यालय का पठन-पाठन प्रारम्भ ।
९. १२–४० से १–२० तक मध्यावकाश वाचनालय ।
१०. १–२० से चार बजे तक विद्यालय का कार्यक्रम ।
११. पाँच बजे तक शौच आदि से निवृत्ति तथा पुस्तकालय सम्बन्धी कार्य ।
१२. पाँच से छः बजे तक क्रीडाक्षेत्र में विविध क्रीडा ।
१३. छः बजे से साढ़े छः बजे तक सायंकालीन संध्या तथा अग्निहोत्र ।

१४. साढ़े छः से साढ़े सात बजे तक भोजन ।
१५. आठ बजे तक भ्रमण तथा विश्राम ।
१६. आठ से नौ तथा दस बजे तक स्वाध्याय ।
१७. नौ बजे छोटे ब्रह्मचारियों तथा दस बजे बड़े ब्रह्मचारियों का शयन ।

परीक्षा नियम

गुरुकुल विश्व-विद्यालय वृन्दावन की ओर से निम्नलिखित परीक्षाओं का संचालन होता है। इन परीक्षाओं में केवल गुरुकुल वृन्दावन या उसकी शाखाओं में विधिवत् शिक्षा प्राप्त करने वाले ब्रह्मचारी ही सम्मिलित हो सकते हैं। बाह्य छात्रों को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं मिलती है। परीक्षाओं के नाम तथा उनके प्रत्येक खण्ड का निर्धारित शुल्क निम्न प्रकार है—

परीक्षा नाम			शुल्क
प्रवेशिका परीक्षा		[कक्षा ५–६]	४) प्रतिखण्ड
प्रथमा	,,	[कक्षा ७–८]	५) ,,
अधिकारी	,,	[कक्षा ९–१०]	१५) ,,
पण्डित	,,	[कक्षा ११–१२]	१०) ,,
शिरोमणि	,,	[कक्षा १३–१४]	१५) ,,

प्रवेशिका तथा प्रथमा परीक्षा की सम्पूर्ण व्यवस्था मुख्याध्यापक, तथा अधिकारी, पण्डित एवं शिरोमणि परीक्षा की व्यवस्था 'प्रस्तोता' गुरुकुल विश्व-विद्यालय वृन्दावन के तत्त्वावधान में 'परीक्षा समिति' द्वारा की जाती है।

इन परीक्षाओं में उत्तीर्ण ब्रह्मचारी तीन श्रेणियों में विभक्त होते हैं—

प्रथम श्रेणी ६०% या अधिक अङ्क होने पर

द्वितीयश्रेणी ४५% या उससे अधिक अङ्कों पर

तृतीय श्रेणी ३३% या उससे अधिक अङ्कों पर

उत्तीर्णता के लिए प्रत्येक विषय में कम से कम ३३% अङ्क प्राप्त करना आवश्यक है।

इन परीक्षाओं में किस किस योग्यता के परीक्षार्थी प्रविष्ट हो सकते हैं इसका सामान्य उल्लेख प्रवेश नियमों में आ गया है। विशेष नियम आगे दिए जा रहे हैं।

२१. सम्बद्ध गुरुकुलों के स्नातकों को परीक्षा सुविधा—

'सम्बद्ध गुरुकुल' गुरुकुल शब्द से केवल उन गुरुकुलों का ग्रहण होगा जिनमें अब गुरुकुल विश्व-विद्यालय वृन्दावन की पाठविधि तथा परीक्षाएं पूर्ण रूप से चालू हैं अन्य गुरुकुल जिनको गुरुकुल विश्व-विद्यालय वृन्दावन ने किसी प्रकार की मान्यता दी है वे 'स्वीकृत' या 'मान्यता प्राप्त' गुरुकुल कहलाते हैं। 'सम्बद्ध गुरुकुल' एवं 'स्वीकृत गुरुकुल' शब्दों का यह अर्थ भेद इस प्रसंग में ध्यान में रखना चाहिए।

(क) गुरुकुल विश्वविद्यालय वृन्दावन के साथ सम्बद्ध गुरुकुलों के पूर्व स्नातकों (तथा स्नातिकाओं) को, यदि उन्होंने शास्त्री परीक्षा भी उत्तीर्ण करली हो तो गुरुकुल विश्व-विद्यालय वृन्दावन की शिरोमणि कक्षा के प्रथम खण्ड (कक्षा १३) की परीक्षा में स्वाध्यायी छात्र के रूप में प्रविष्ट होने की अनुमति दी जा सकती है।

(ख) सम्बद्ध गुरुकुलों के उन पूर्व स्नातकों (तथा स्नातिकाओं) को जिन्होंने शास्त्री परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है गुरुकुल विश्व-विद्यालय वृन्दावन की पण्डित परीक्षा के द्वितीय खण्ड (कक्षा १२) की परीक्षा में स्वाध्यायी छात्र के रूप में प्रविष्ट होने की अनुमति दी जा सकती है।

२२. गुरुकुलों के अध्यापकों को परीक्षा सुविधा—

गुरुकुल विश्व-विद्यालय वृन्दावन, तथा उससे 'सम्बद्ध' अथवा 'मान्यता प्राप्त' स्वीकृत' गुरुकुलों के उन अध्यापकों (तथा अध्यापि-

काओं) को जिन्होंने शास्त्री परीक्षा अथवा किसी विश्व-विद्यालय की बी० ए० परीक्षा उत्तीर्ण करली है और गुरुकुल में अध्यापन कार्य करते हुए एक वर्ष से अधिक समय हो गया हो। स्वाध्यायी छात्र के रूप में शिरोमणि परीक्षा के प्रथम खण्ड (कक्षा १३) की परीक्षा में प्रविष्ट होने की अनुमति दी जा सकती है।

गुरुकुल विश्व-विद्यालय वृन्दावन तथा उससे सम्बद्ध अथवा स्वीकृत गुरुकुलों के उन अध्यापकों (तथा अध्यापिकाओं) को जिन्होंने उत्तरमध्यमा या इण्टरमीजिएट परीक्षा उत्तीर्ण करली हो और जिनको गुरुकुल में अध्यापन कार्य करते हुए एक वर्ष का समय हो गया हो गुरुकुल विश्व-विद्यालय वृन्दावन की पण्डित परीक्षा के द्वितीय खण्ड [कक्षा १२] की परीक्षा में 'स्वाध्यायी छात्र' के रूप में प्रविष्ट होने की अनुमति दी जा सकती है।

२३. अन्य शिक्षा संस्थाओं के अध्यापकों को सुविधा—

(क) प्रशासन द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा संस्थाओं के उन अध्यापकों [तथा अध्यापिकाओं] को जिन्होंने शास्त्री अथवा बी. ए. परीक्षा उत्तीर्ण करली हो और शिक्षा सस्थाओं में कार्य करते एक वर्ष का समय हो चुका हो, शिरोमणि परीक्षा के प्रथम खण्ड [कक्षा १३] की परीक्षा में, 'स्वाध्यायी छात्र' के रूप में प्रविष्ट होने की अनुमति दी जा सकती है।

(ख) प्रशासन द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा संस्थाओं के उन [अध्यापकों तथा अध्यापिकाओं] को जिन्होंने उत्तर मध्यमा अथवा इन्टरमीजिएट परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है और जिन्हें शिक्षा संस्थाओं में कार्य करते हुए एक वर्ष का समय हो चुका है गुरुकुल विश्व-विद्यालय वृन्दावन की पण्डित परीक्षा के द्वितीय खण्ड [कक्षा १२] की परीक्षा में स्वाध्यायी छात्र के रूप में सम्मिलित होने की अनुमति दी जा सकती है।

२४. स्वाध्यायी छात्रों के लिए अनुमति की प्रक्रिया—

उपर्युक्त २१, २२, २३ धाराओं के अन्तर्गत जिन स्नातकों [तथा स्नातिकाओं] अथवा अध्यापकों [तथा अध्यापिकाओं] आदि को स्वाध्यायी छात्र के रूप में प्रविष्ट होने की अनुमति का विधान किया गया है उनको इस प्रकार की अनुमति प्राप्त करने के लिए निम्न प्रक्रिया का अवलम्बन करना चाहिए—

(क) उन्हें प्रतिवर्ष १५ अगस्त तक इस प्रकार की अनुमति प्राप्त करने के लिए निर्धारित प्रपत्र पर प्रार्थना पत्र भेजना चाहिए। प्रपत्र की प्रति २५ न. पै. के टिकट भेजकर मँगाई जा सकती है।

(ख) नियत परीक्षा शुल्क तथा १०) अतिरिक्त प्रार्थना पत्र शुल्क प्रार्थना पत्र के साथ ही प्रस्तोता के कार्यालय में 'धनादेश' द्वारा भेज देना चाहिए।

(ग) अपनी पूर्व उत्तीर्ण की हुई उन परीक्षाओं के जिनके आधार पर गुरुकुल की परीक्षा में प्रविष्ट होने की अनुमति प्राप्त करना चाहते हैं प्रमाणपत्रों की प्रमाणित यथार्थ प्रतिलिपियाँ साथ में अवश्य भेजनी चाहिए।

(घ) धारा २१ (क) (ख) में वर्णित स्नातकों तथा स्नातिकाओं को अपने स्नातक परीक्षा के प्रमाणपत्र की तथा शास्त्री परीक्षा के प्रमाणपत्र की 'सत्य-प्रतिलिपि' जिस गुरुकुल संस्था के स्नातक हैं उसके आचार्य के द्वारा प्रमाणित करवाकर भेजनी चाहिए।

(ङ) धारा २१ तथा २२ (क) (ख) में वर्णित अध्यापकों (तथा अध्यापिकाओं) को उन परीक्षाओं के उत्तीर्ण करने के जिनके आधार पर वे गुरुकुल विश्वविद्यालय की परीक्षा में प्रविष्ट होने की अनुमति प्राप्त करना चाहते हैं प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि अपनी शिक्षा संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित करवाकर भेजना चाहिए।

(च) धारा २२-२३ में वर्णित अध्यापकों (तथा अध्यापिकाओं)

को अपने प्रार्थनापत्र अपनी संस्था के प्रधानाचार्य के द्वारा ही भेजनें चाहिए ।

(छ) स्वाध्यायी छात्रों के प्रार्थनापत्र निर्धारित परीक्षा शुल्क+ १०) अतिरिक्त प्रार्थनापत्र शुल्क के साथ १५ अगस्त तक प्रस्तोता के कार्यालय में आ जाने चाहिए। १५ अगस्त के बाद १५ अक्टूबर तक १५) बिलम्ब शुल्क देकर भी प्रार्थनापत्र भेजे जा सकते हैं ।

(ज) इन प्रार्थनापत्रों की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति की सूचना अक्टूबर के अन्त में परीक्षार्थी के पास भेजी जायगी। जिसका प्रार्थनापत्र अस्वीकृत होगा उसका (प्रार्थनापत्र शुल्क और बिलम्ब शुल्क काटकर) केवल परीक्षा शुल्क वापिस कर दिया जायगा। अस्वीकृत प्रार्थनापत्रों को अस्वीकृति कारण बतलाना आवश्यक नहीं होगा ।

(झ) गुरुकुल विश्व-विद्यालय वृन्दावन की परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाले इन स्वाध्यायी छात्रों के प्रमाणपत्र नियमित ब्रह्मचारियों के प्रमाणपत्रों से भिन्न प्रकार के होंगे। उनमें 'स्वाध्यायी छात्र' के रूप में परीक्षा उत्तीर्ण करने का उल्लेख होगा ।

२५. स्वाध्यायी छात्रों के परीक्षा केन्द्र—

स्वाध्यायी छात्र के रूप में प्रविष्ट होने वाले पुरुष छात्रों को गुरुकुल वृन्दावन केन्द्र में तथा स्त्री छात्राओं को 'कन्या गुरुकुल महाविद्यालय हाथरस (अलीगढ़) केन्द्र में ही परीक्षा देनें के लिए आना होगा ।

२६. उपाधि वितरण व्यवस्था—

(क) उत्तीर्ण स्वाध्यायी छात्रों का भी गुरुकुल विश्व-विद्यालय वृन्दावन के दीक्षान्त एवं उपाधि वितरण समारोह के समय उपस्थित होना आवश्यक है। जो स्वाध्यायी छात्र किसी कारण से उपाधि

वितरण समारोह में सम्मिलित न हो सकें, वे १२) शुल्क तथा २) रजिस्ट्री व्यय भेजकर अपना प्रमाणपत्र डाक द्वारा मँगवा सकेंगे।

(ख) स्वाध्यायी छात्रों के रूप में शिरोमणि परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अन्य गुरुकुलों के स्नातकों तथा अध्यापकों को उपाधि वितरण समारोह के अवसर पर विश्व-विद्यालय का नियत 'स्नातक वेष (गाउन) प्रदान किया जा सकता है। उसका मूल्य ५०) है।

(ग) जो अपने लिए गाउन को बनवाना चाहें, उन्हें परीक्षा परिणाम की सूचना प्राप्त होते ही उसका मूल्य ५०) 'धनादेश' द्वारा गुरुकुल कार्यालय में भेज देना चाहिए। 'धनादेश' भेजते समय उस पर स्पष्ट रूप से यह लिख देना चाहिए कि यह धन 'स्नातक वेष' (गाउन) के मूल्य रूप से भेजा जा रहा है। इससे मेरे लिए गाउन बनवा दिया जाय।

(घ) जो अपने लिए अलग से 'स्नातक वेष' (गाउन) न बनवाना चाहें उन्हें उपाधि वितरण समारोह में सम्मिलित होने के लिए २) शुल्क देने पर उतनी देर के लिए 'स्नातक वेष' मिल सकेगा। किन्तु शुल्क पर लेते समय भी उन्हें पूरा मूल्य ५०) जमा करना होगा। उसको लौटाने पर २) शुल्क का काटकर शेष ४८) वापिस मिल जायगा। स्नातक वेष (गाउन) को एक दिन से अधिक अपने पास रखने पर प्रतिदिन (अथवा उसके भाग पर) २) शुल्क लग जायगा। गाउन के फट जाने या खराब हो जाने की दशा में उसे वापिस नहीं लिया जायगा। और न उसका मूल्य वापिस किया जायगा।

(ङ) कन्याओं का दीक्षान्त एवं उपाधि वितरण समारोह गुरुकुल विश्व-विद्यालय वृन्दावन के साथ सम्बद्ध कन्या गुरुकुल महाविद्यालय हाथरस (अलीगढ़) के वार्षिक महोत्सव के अवसर पर कन्या गुरुकुल में होगा। स्वाध्यायिनी परीक्षार्थिनियों से रूप में शिरोमणि-परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली स्नातिकाओं तथा अध्यापिकाओं को उसी जगह उपाधि वितरण समारोह में सम्मिलित होना होगा।

२७. स्नातकोत्तर परीक्षा—

गुरुकुल की शिक्षा 'विद्याभ्यास' तथा 'व्रताभ्यास' नामक दो विभागों में विभक्त है। 'विद्याभ्यास' के लिए मुख्यतः विद्यालय, महाविद्यालय में तथा 'व्रताभ्यास के लिए मुख्यतः आश्रम विभाग में व्यवस्था की जाती है। गुरुकुल में प्रविष्ट होने वाला प्रत्येक ब्रह्मचारी इन दोनों विभागों में सफलता प्राप्त कर 'विद्याव्रत-स्नातक' बनता है। 'शिरोमणि' परीक्षा पर्यन्त विद्या तथा व्रत का अभ्यास करके अन्तिम शिरोमणि परीक्षा में विधिवत सफल हो जाने पर उसका 'समावर्तन संस्कार' हो जाता है और इस प्रकार वह स्नातक बनकर ब्रह्मचर्याश्रम के वन्धनों से मुक्त हो जाता है। उसके वाद भी वह चाहे तो यहाँ रहकर स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त कर सकता है।

स्नातकोत्तर परीक्षाओं के नाम तथा उनका शुल्क निम्न प्रकार है—

परीक्षा नाम		शुल्क
दीक्षित परीक्षा	(एल० टी०)	२५)
आचार्य	(एम० ए०)	२५)
वाचस्पति	(पी. एच. डी.)	५०)

स्नातकोत्तर परीक्षा में गुरुकुल विश्व-विद्यालय के स्नातकों के अतिरिक्त अन्य राजकीय विश्व-विद्यालयों के एम० ए० परीक्षोत्तीर्ण छात्र भी स्वाध्यायी (प्राइवेट) छात्रों के रूप में प्रविष्ट हो सकते हैं।

२८. अन्य शुल्क—

प्रमाणपत्र-प्रतिलिपि शुल्क (पांच वर्ष तक प्रमाण पत्रार्थ)	५)
प्रमाणपत्र-प्रतिलिपि शुल्क (पांच वर्ष से पुराने के लिए)	१०)
विश्व-विद्यालय-परिवर्तन-प्रमाणपत्र (माइग्रेशन सार्टी०)	१०)
विद्यालय-परिवृत्ति-प्रमाणपत्र (टी० सी०) शुल्क	४)

वाचस्पति उपाधि के नियम

'वाचस्पति' उपाधि गुरुकुल विश्व-विद्यालय की सर्वोच्च उपाधि है। किसी अपूर्व, महत्वपूर्ण 'रचना' पर ही दी जा सकती है। इस उपाधि प्राप्ति के लिए प्रार्थी में निम्न योग्यता होना आवश्यक है:—

(क) गुरुकुल विश्व-विद्यालयकी 'आचार्य' परीक्षोत्तीर्ण करने के कम से कम तीन वर्ष बाद प्रार्थी हो सकते हैं।

(ख) गुरुकुल विश्व-विद्यालय की 'शिरोमणि' परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण स्नातक कम से कम पांच वर्ष बाद प्रार्थी हो सकते है।

(ग) किसी राजकीय विश्व-विद्यालय की एम. ए. अथवा आचार्य परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने के कम से कम पांच वर्ष बाद इस उपाधि के लिए प्रार्थी हो सकते हैं।

२—प्रार्थी संस्कृत अथवा हिन्दी अथवा किसी विदेशी भाषा में लिखी हुई अपनी महत्वपूर्ण रचना को विचारार्थ भेज सकते हैं।

३—मुद्रित ग्रन्थ की पांच प्रतियाँ तथा अमुद्रित ग्रन्थ की टाइप की हुई और जिल्द बँधी हुई तीन प्रतियां भेजी जा सकती हैं। हस्तलिखित प्रति विचारार्थ स्वीकार न की जावेगी।

४—वाचस्पति परीक्षा का शुल्क २५०) है जो विचारार्थं भेजी गई पुस्तकों के साथ अवश्य भेज देना चाहिये। उसके प्राप्त हुए बिना ग्रन्थों पर विचार न हो सकेगा।

५—शुल्क तथा पुस्तक दोनों प्रस्तोता के कार्यालय में प्राप्त हो जाने पर प्रस्तोता उक्त विषय के अनुरूप छः योग्य विद्वानों के नाम परीक्षकत्व के कार्य के लिए शिक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे जिनमें से शिक्षा समिति किन्हीं तीन को परीक्षक मनोनीत करेगी।

६—(क) ग्रन्थ तीनों परीक्षकों के पास सम्मत्यर्थ भेजा जायगा। यदि तीनों परीक्षकों ने सर्व सम्मति से ग्रन्थ को 'असाधारण महत्व' की रचना ठहराया तो वह उपाधि प्रदान के योग्य समझा जायगा।

(ख) यदि दो परीक्षकों ने उसे उपाधि के अयोग्य ठहरा दिया तो वह अन्तिम रूप से अस्वीकृत कर दिया जायगा।

७—परीक्षकों की सम्मति सहित शिक्षा समिति का परामर्श प्राप्त होने पर विद्या सभा इसके विषय में अन्तिम निश्चय करेगी।

८—विद्या सभा द्वारा उपाधि प्रदान करने का निश्चय होने पर गुरुकुल विश्व-विद्यालय के दीक्षान्त समारोह के अवसर पर यह उपाधि प्रदान की जावेगी।

❀ वार्षिक अनध्याय सूची ❀

निम्नलिखित पर्वों पर विद्यालय महाविद्यालय में अनध्याय रहेगा :—

१—विक्रमाब्द, दयानन्दाब्द तथा आर्यसमाज-स्थापना दिवस	१ दिन चैत्र शुक्ला १
२—रामनवमी	१ दिन चैत्र शु० ९
३—श्रावण मेला प्रचार	१ दिन श्रावण शु० ११
४—स्वतन्त्रता दिवस	१ दिन १५ अगस्त
५—श्रावणी	३ दिन श्रावण शु० १४, १५ तथा श्रावण कृ० १
६—श्रीकृष्ण जन्माष्टमी	२ दिन भाद्रपद कृ० ८, ९
७—गान्धी जयन्ती	१ दिन २ अक्टूबर
८—विजया दशमी	५ दिन आश्विन शु० ९ से १४
९—गुरुकुल स्थापना दिवस	१ दिन ,, ,, १०
१०—दीपावली	३ दिन कार्तिक कृ० ३० तथा कार्तिक शु० १, २
११—विद्यापरिषज्जन्मदिवस	१ दिन मार्गशीर्ष कृ० १
१२—गुरुकुल महोत्सव	११ दिन २० से ३१ दिसम्बर
१३—आर्य प्रतिनिधि सभा का स्थापना दिवस	१ दिन २७ दिसम्बर
१४—गणतन्त्र दिवस	१ दिन २६ जनवरी
१५—बसन्त पञ्चमी	१ दिन माघ शु० ५
१६—ऋषिबोधोत्सव-शिवरात्रि	१ दिन फाल्गुन कृ० १४

१७—वीर तृतीया [लेखराम दिवस]	१ दिन ,, शु० ३
१८—होलिकोत्सव	४ दिन फा० शु० १४, १५ तथा चैत्र कृ० १, २
१९—ब्रह्मोत्सव-रथमेला-प्रचार	२ दिन चैत्र कृ० ९, १०
२०—साप्ताहिक अनध्याय	४ प्रतिमास—२ अष्टमी १ पूर्णिमा तथा १ अमावस्या
२१—ग्रीष्मावकाश	२० मई से ३० जून तक

पाठ-विधि

बाल-कक्षा भाग (१)

१. आर्य भाषा:—१. बेसिक रीडर द्वितीय भाग — १०० अंक
२. मात्रा-ज्ञान, संयुक्ताक्षर-ज्ञान, सुलेख

२. गणित— बेसिक अंकगणित प्रथम भाग — १०० अंक
गिनती १०० तक, पहाड़े दस तक याद करना तथा लिखना। जोड़-बाकी, इकाई का गुणा।

३. धर्म शिक्षा साधारण-ज्ञान—प्रार्थना-मंत्र, संध्या-मन्त्रों का कण्ठ करना, गुरुकुल का भूगोल, दिशा-ज्ञान। — १०० अंक

भाग २

१. आर्य भाषा—बेसिक रीडर तृतीय भाग सुलेख, श्रुत-लेख। — १०० अंक

२. गणित— जोड़ बाकी, गुणा, भाग बेसिक अंकगणित भाग २, २० तक पहाड़े कण्ठ करना तथा लिखना। — १०० अंक

३. धर्म शिक्षा साधारण-ज्ञान—प्रार्थना-मंत्र, सन्ध्या तथा हवन मंत्रों का कण्ठ करना। — १०० अंक

गुरुकुल का भूगोल, दिशाओं का ज्ञान, रामकृष्ण और ऋषि-दयानन्द की किन्हीं दो जीवन-घटनाओं का ज्ञान।

तृतीय कक्षा

१. संस्कृत	१०० अङ्क
१. संस्कृत सुधा प्र० भा० १–८ पाठ तक अथवा संस्कृत शिक्षा सोपानम् १–८ पाठ	६०
२. पुस्तकान्तर्गत शब्द रूप, धातु रूप कण्ठस्थ करना	२०
३. दस श्लोक कण्ठस्थ करना	१०
४. अनुवाद	१०
२. धर्म शिक्षा	१०० अङ्क
१. सन्ध्या हवन कण्ठस्थ करना	७०
२. प्रार्थना, जागरण, शयन, राष्ट्रमन्त्र, परिषद् मन्त्र, कण्ठस्थ करना।	३०
३. आर्य भाषा	१०० अङ्क
१. बेसिक रीडर चतुर्थ भाग	६०
२. संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, क्रिया विशेषण, प्रकृति-प्रत्यय का ज्ञान।	२०
३. सुलेख, श्रुतांकन	२०
४. गणित	१०० अङ्क
१. बेसिक अंकगणित भाग ३	७०
२. पहाड़ा २० तक और दशमलव सिक्कों का ज्ञान	३०
५. साधारण ज्ञान	१०० अङ्क
१. भूगोल परिभाषा	५०
२. बेसिक इतिहास	५०

चतुर्थ कक्षा

१. संस्कृत	१०० अङ्क
१. संस्कृत सुधा प्र० भाग अथवा संस्कृत शिक्षा सोपानम् सम्पूर्ण (साभ्यास)	६०

२. पुस्तकान्तर्गत शब्द रूप एवं धातु रूप	२०
३. १५ श्लोक कण्ठस्थ करना	१०
४. अनुवाद	१०
२. धर्म शिक्षा	**१०० अङ्क**
१. सन्ध्या हवन एवं प्रार्थनादि मन्त्रों की आवृत्ति	६०
२. स्वस्ति वाचन, शान्ति प्रकरण (शुद्धोच्चारण) (कर्तव्य दर्पण से)	२५
३. आर्य समाज के दस नियम कण्ठस्थ करना	१५
३. आर्य भाषा	**१०० अङ्क**
१. बेसिक रीडर भाग ५	६०
२. हिन्दी व्याकरण (१० पद्य कण्ठस्थ करना)	२०
३. सुलेख तथा श्रुतांकन	२०
४. गणित	**१०० अङ्क**
१. बेसिक अंकगणित भाग ४	१००
५. साधारण ज्ञान	**१०० अङ्क**
१. मथुरा जिले का भूगोल	५०
२. बेसिक इतिहास भाग २	५०

पंचम कक्षा

१. व्याकरण	**१०० अङ्क**
१. अष्टाध्यायी प्र० अध्या०	६०
२. अनुवाद चन्द्रिका पूर्वार्द्ध का प्रारम्भिक रचनानुवाद कौमुदी १—१५ पाठ	४०
२. संस्कृत	**१०० अङ्क**
संस्कृत सुधा द्वितीय भाग (साभ्यास)	६०
२. शब्द रूप-प्रारम्भिक रचनानुवाद कौमुदी के आधार पर।	२०
३. पुस्तकान्तर्गत श्लोकों का कण्ठस्थीकरण	२०

३. धर्म शिक्षा — १०० अङ्क

१. आठ प्रार्थना मन्त्रों के अर्थ — ३०

२. सन्ध्या हवन के मन्त्रों का शुद्ध लेखन, आवृत्ति। कर्तव्य दर्पण के आधार पर) — ३०

३. व्यवहारभानु — ४०

४. आर्य भाषा — १०० अङ्क

प्रथम पत्र १. नव भारती प्र० भाग (पुस्तक के पद्यों का कण्ठस्थीकरण) — ७०

द्वितीय पत्र २. हिन्दी व्याकरण प्र० भाग — १०

३. अदृष्ट, पत्र लेखन, निबन्ध रचना — २०

५. गणित — १०० अङ्क

१. बेसिक अंकगणित भाग ५ — १००

२. दशमलव विधि जोड़ बाकी

६. साधारण ज्ञान — १०० अङ्क

प्रथम पत्र १. उत्तर प्रदेश का भूगोल — ५०

द्वितीय पत्र २. हमारे पूर्वज भाग ३ — ४०

३. भारतीय त्यौहारों का परिचय — १०

षष्ठ कक्षा

१. व्याकरण — १०० अङ्क

१. अष्टाध्यायी — ३०

२. लघुसिद्धान्त कौमुदी (पंच संधि पर्यंत) अथवा वेदांग प्रकाश (सन्धि विषय) — ७०

२. संस्कृत साहित्य — १०० अङ्क

प्रथम पत्र १. संस्कृत सुधा ३ भाग साभ्यास — ७०

द्वितीय पत्र २. अनुवाद (अनुवाद चन्द्रिका का प्रारम्भिक रचनानुवाद कौमुदी उत्तरा०) — ३०

३. धर्म शिक्षा — १०० अंक
- १. आर्योद्देश्य रत्नमाला ५० रत्न
- २. पंच महायज्ञ विधि (सामान्य ज्ञान)
- ३. सन्ध्या मन्त्रों के अर्थ

४. आर्य भाषा — १०० अंक
- प्रथम पत्र १. नव भारती तृतीय भाग — ७०
- द्वितीय पत्र २. हिन्दी सरस्वती व्याकरण II (१–८ अध्याय) — ३०
- ३. निवन्ध अदृष्ट एवं पत्र रचना।

५: गणित — १०० अंक
- प्रथम पत्र १. अंकगणित (प्र० भा०) — ५०
- द्वितीय पत्र २. बीज गणित रेखागणित प्र० भा० — ५०

६. साधारण ज्ञान — १०० अंक
- प्रथम पत्र १. बाल भूगोल प्र० भा० — ५०
- द्वितीय पत्र २. हमारा इतिहास भाग १ — ५०
- ३. नागरिक जीवन
- ४. ऋषि दयानन्द का जीवन (उत्तरार्द्ध)

७. **English** — १०० अंक
- प्र० प० 1. New Plan English Reader I — 70
- 2. Parts of speech in brief (of Simple Words) — 15
- 3. Translation — 15

सप्तम कक्षा

१. संस्कृत व्याकरण — १०० अंक
- १. अष्टाध्यायी चतुर्थ अध्याय — ३०
- २. लघु सिद्धान्त कौमुदी (प्रारम्भ से अव्ययान्त) अथवा वेदांग प्रकाश (नामिक) — ७०

२. संस्कृत साहित्य	१०० अंक
प्र० पत्र—१. संस्कृत विहार (साभ्यास)	७०
द्वि० पत्र—२. अनुवाद (रचनानुवाद कौमुदी १–१५)	२०
३. छन्द-अनुष्टुप, आर्या, इन्द्रवज्रा, उपेन्द्र-वज्रा, उपजाति, वंशस्थ, वसन्ततिलका, मालिनी, शिखरणी, शार्दूलविक्रीडित।	१०
३. धर्म शिक्षा	१०० अंक
१. सत्यार्थ प्रकाश १, २, ३ समुल्लास (तृतीय समुल्लास का दर्शन प्रकरण छोड़कर)	
४. आर्य भाषा	१०० अंक
प्र० पत्र—१. गद्य-प्रभा पूर्वार्द्ध	३५
२. हिन्दी साहित्य सरोवर पूर्वार्द्ध	३५
द्वि० पत्र—सरस्वती व्याकरण	६–११ अ० १०
निबन्ध, अपठित, पत्र लेखन	२०
५. गणित	१०० अंक
प्र० पत्र०—१. अंकगणित भाग २	५०
द्वि० पत्र—२. रेखागणित भाग [२ क० ७]	२५
३. बीजगणित भाग [२ क० ७]	२५
६. साधारण ज्ञान	१०० अंक
१. बाल भूगोल भाग २	५०
२. हमारा इतिहास भाग २ नागरिक जीवन	५०
७. अंग्रेजी	१०० अंक
1. New Plan English Reader II	70
2. Parts of Speech in detail	15
3. Translation, Simple letter writting	15

८. विज्ञान — १०० अंक

१. नवीन प्रारम्भिक विज्ञान भाग २

अष्टम कक्षा

१. संस्कृत व्याकरण	१०० अंक
१. अष्टाध्यायी ५ वां अध्याय	३०
२. लघु सिद्धान्तकौमुदी तिङन्त	७०
२. संस्कृत साहित्य	१०० अंक
प्र० पत्र—देव वाणी परिचायिका [साभ्यास]	७०
द्वि० पत्र—२. अलंकार—अनुप्रास, उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा अर्थान्तरन्यास, विभावना, विशेषोक्ति, दृष्टान्त, श्लेष, व्यतिरेक।	१०
३. अनुवाद एवं निबन्ध रचनानुवाद कौमुदी १६–३० अभ्यास तक	२०
३. धर्म शिक्षा	१०० अंक
१. सत्यार्थ प्रकाश [४. केवल वर्णव्यवस्था विषय तथा ५, ६ समुल्लास]	
४. आर्य भाषा	१०० अंक
प्र० पत्र—१. गद्यप्रभा उत्तरार्द्ध	३५
२. हिन्दी साहित्य सरोवर उत्त०	३५
द्वि० पत्र—१. सरस्वती व्याकरण १२–१६ अ०	१०
२. निबन्ध एवं अदृष्ट	२०
५. गणित	१०० अंक
प्र० पत्र—१. अंकगणित भा० ३	५०
द्वि० पत्र—२. रेखागणित भाग ३ [कक्षा ८]	२५
३. बीजगणित भाग ३ [कक्षा ८]	२५

६. साधारण ज्ञान — १०० अंक

प्र० पत्र—१. बाल भूगोल भाग ३ — ५०

द्वि० पत्र २. हमारा इतिहास भाग ३ तथा नागरिक जीवन — ५०

७. अंग्रेजी — १०० अंक

प्र० पत्र—1. New Plan English Reader III — 70

द्वि० पत्र—2. Analysis, Active voice, Passive voice, Direct-Indirect, Parts of speech and Translation. — 30

८. विज्ञान — १०० अंक

१. नवीन प्रारम्भिक विज्ञान भा० ३

अधिकार-परीक्षा प्रथम वर्ष

[अनिवार्य विषय]

संस्कृत व्याकरण — १०० अंक

१. अष्टाध्यायी षष्ठ अध्याय — २०

२. मध्य सिद्धान्त कौमुदी, कारक तथा समास — ८०

[कारक तथा समास का व्यावहारिक प्रयोग भी पृष्टव्य]

२. संस्कृत साहित्य — १०० अंक

प्र० पत्र—१. शिवराज विजय १–२ निश्वास — २५ अंक

२. रघुवंश २–५ सर्ग — २५

द्वि० पत्र—३. काव्य दीपिका पूवार्द्ध — २५

४. संस्कृत अनुवाद एवं निबन्ध — २५

[रचनानुवाद कौमुदी]

३. धर्मशास्त्र — १०० अंक

१. सत्यार्थ प्रकाश ७, ८, ९, समुल्लास — ५०

२. मनुस्मृति १-२ अध्याय — २५
३. ईशोपनिषद्—म० नारायण स्वामी — २५

४. आर्य भाषा — १०० अंक

प्र० पत्र—१. गद्य पारिजात पूर्वार्द्ध — २५
२. कल्लोलिनी पूर्वार्द्ध — २५
द्वि० पत्र—३. हिन्दी साहित्य का सुबोध इतिहास पू०
[गुलाबराय] — १५
४. निबंध — २०
५. छन्द—दोहा, चौपाई, छप्पय, सोरठा, कुंडलियां, हरिगीतिका, वरवै, कवित्त, सवैया। इन्द्रवज्रा, उपेन्द्रवजा, वंशस्थ, उपजाति, वसन्ततिलका, मत्तगयन्द द्रुतविलम्वित। — १५

५. गणित — १०० अंक

प्र० पत्र—१. सरल हाईस्कूल अंकगणित डा० मनोहर रे — २५
[सांख्यिकी सहित अंकगणित मात्र]
२. सरल हाईस्कूल बीजगणित डा० मनोहर रे
[त्रिकोणमिति सहित, त्रिकोणमिति मात्र] — २५
द्वि० पत्र—३. नवीन रेखागणित परिचय
[ले० पी० एन० घोषाल, ठोस ज्यामिति सहित]
प्रमेय १-२१ तक, निर्मेय १-६ तक — ४०
४. ठोस ज्यामिति [समानान्तर षडफलक] — १०

-अथवा

[केवल कन्याओं के लिए गणित के विकल्प में]

६. गृह विज्ञान एवं गृह कला १०० अंक

[इस पाठ्यक्रम में से आधा अंश अधिकारी के प्रथम वर्ष में शेष द्वितीय वर्ष में निर्धारित रहेगा।]

प्रथम पत्र ३५

शरीर—मानव अस्थि पंजर का प्रारम्भिक ज्ञान, पाचन, परि-संचरण, श्वसन व उत्सर्जन।

स्वास्थ्य रक्षा, व्यक्तिगत स्वास्थ्य रक्षा, वायु, जल, अन्न।

व्याधियों से सतर्कता—संक्रामक रोग, चेचक, माता, खसरा, जुकाम, इन्फ्लुएन्जा तथा क्षयरोग, ज्वर, पेचिस, अतिसार, हैजा, प्लेग, मलेरिया, खुजली, कुष्ठ, नेत्ररोग, छाजन, दाद, दन्त रोग, कर्ण रोगों का परिचय।

द्वितीय पत्र ३५

गृह प्रबन्ध—(क) घर का चुनाव, फर्नीचर तथा सजावट, कमरों का वितरण, घर तथा फर्नीचर की सफाई तथा सुरक्षा, कूड़ा करकट तथा वाहित मलों का विसर्जन, मक्खी-मच्छरों से सतर्कता, गृहणी के कर्तव्य।

(ख) पाक कक्ष की सुरक्षा, पाक कक्ष की सामग्री की व्यवस्था तथा आयोजन।

आर्थिक स्वास्थ्य संबन्धी व आहारों के परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए भोजन बनाना।

(ग) कपड़ा काटना तथा सिलना विभिन्न प्रकार के कपड़ों का ज्ञान, उनके संकुचन का ज्ञान, उचित रंग तथा परिमाण को ध्यान में रखते हुए सामग्री का चुनाव, निश्चित नाम के वस्त्र के लिए कपड़े का आकलन।

प्रयोगात्मक

१. प्राथमिक चिकित्सा तथा गृह परिचर्या — ३०

गृह परिचर्या की परिभाषा।
रोगी का स्थान, स्पंज, दूध, भोजन, बोतल का प्रयोग।
शिशु का पोषण तथा कुपोषण।
प्राकृतिक तथा कृत्रिम श्वास।
साधारण विष के विषनाशक तथा सर्प दंश का उपचार।
घायल को ले आने के साधन।

२. सिलाई

मनुष्य के लिए पाजामा।
स्त्री के लिए ब्लाउज या पेटीकोट।
साधारण फैंसी टांके।
बच्चे के वस्त्र।

३. धुलाई

४. पाककला।

संस्तुत पुस्तकें

१. गृह विज्ञान भाग १—ले० आर० डी० विद्यार्थी।
२. गृह विज्ञान भाग २—ले० आर० डी० विद्यार्थी।

३. इंगलिश — १०० अंक

प्र० पत्र—1. Prose for High School. (1–6)
P. N. Agarwal — 50
2. Poems for the young. S. B. Singh (1–8)
3. Argosy Book of India. S. C. Bhattacharya (1–3) — 50

4. Grammar & Composition. 50

(A) Tenses, voice & sequenecy of tenses and appropriate prepositions.

(B) Transformation of sentences including syuthesis change of words. Phrases of clauses.

(C) Analysis Narration

(D) Translation.

अधिकारी परीक्षा, द्वितीय वर्ष

अनिवार्य विषय

१. संस्कृत-व्याकरण	१००
१. अष्टाध्यायी—७-८ अध्याय	२०
२. मध्य सिद्धान्त-कौमुदी (कृदन्त, तद्धित, स्त्री प्रत्यय)	८०
२. संस्कृत-साहित्य	१००
प्र० पत्र—१. किरातार्जुनीयम् १-२ सर्ग	२५
२. स्वप्नवासवदत्तम्	२५
द्वि० पत्र—३. काव्य दीपिका—उत्तरार्द्ध	२५
४. रचनानुवाद-कौमुदी (४६-६०) अनुवाद एवं निबन्ध	२५
३. धर्म शिक्षा	१००
१. सत्यार्थ-प्रकाश १०-११ समुल्लास	५०
२. केनोपनिषद्	२५
३. संक्षिप्त मनुस्मृति अध्याय-४	२५
४. आर्य भाषा	१०० अंक
प्र० पत्र—१. गद्य-पारिजात उत्तरार्द्ध	३० ,,
२. कल्लोलिनी ,,	३० ,,

द्वि० पत्र—३. हिन्दी साहित्य का सुबोध इतिहास [गुलाबराय] १५
४. निबन्ध १५
५. अलंकार—अनुप्रास, यमक, श्लेष, उपमा, रूपक, अनन्वय, अपन्हुति, उत्प्रेक्षा, व्यतिरेक, विभावना, विशेषोक्ति, उल्लेख, भ्रान्तिमान, सन्देह। १०

५. गणित १००

प्र० पत्र—१. सरल हाईस्कूल अंकगणित (सांख्यिकी सहित) डा० मनोहर रे (सांख्यिकीय भाग) १५
२. हाईस्कूल बीजगणित (त्रिकोणमिति-सहित) डा० मनोहर रे (बीजगणित भाग) ३५
द्वि० पत्र—३. नवीन रेखागणित परिचय ३०
(ठोस ज्यामिति सहित)
द्वारा—पी० एन० घोषाल
(प्रमेय—२२-३० पर्यन्त, निर्मेय—६१-६
४. ठोस ज्यामिति २०
(समान्तर षड्फलक को छोड़कर सम्पूर्ण)

६. गृह विज्ञान १००

(केवल कन्याओं के लिए गणित के विकल्प में)
पाठ्यक्रम पहले दिया जा चुका है। ३६-३७

७. अंग्रेजी १००

I paper (1) Prose for High School (P. N. Agrawal) 20
[Rest lessions]
(2) Poems for the young (S. B. Singh) (Last seven poems) 20

(3) Argosy book of India (Bhattacharaya)
(Last three lessons) 10

II paper—Translation 15
Unseen 10
Essay 15
Voice, Narration, Analysis, Transformation etc. 10

Note—The course of Adhikari is according to the course prescribed by the Board of High Shool and Intermediate Education U. P.

ऐच्छिक विषय—निम्नखिखित में से एक विषय अधिकारी परीक्षा में लेना होगा, पाठ्यक्रम का आधा भाग प्रथम वर्ष में शेष द्वितीय वर्ष में निर्धारित रहेगा।

इतिहास

प्रथम प्रश्न पत्र

(आदिकाल से सन् १५२६ ई० तक)

१. (क) भारतीय भूगोल के प्रमुख तथ्य तथा उनका भारत के इतिहास पर प्रभाव।
(ख) भारत के पूर्व एवं उत्तर पाषाण युगों की रूपरेखा, उनके विस्तार एवं सांस्कृतिक स्वरूप के प्रमुख तथ्य का ही विवेचन किया जाय।

२. सिन्धु नदी की घाटी की सभ्यता।

३. आर्य वैदिक काल—
(क) आर्यों का मूल निवास स्थान।
(ख) राजनैतिक संस्थाएँ।
(ग) सामाजिक एवं आर्थिक दशा।

(घ) धर्म, संस्कृति एवं साहित्य

४. ईसा पूर्व छठी शताब्दी

(क) धार्मिक क्रान्ति का युग—जैन धर्म बौद्ध धर्म।

(ख) राजनैतिक स्थिति—मगध का उत्कर्ष, उत्तर पश्चिमी सीमा से यूनानियों का प्रवेश, सिकन्दर का आक्रमण।

५. मौर्य वंश—

(क) चन्द्रगुप्त मौर्य, राजनैतिक एकीकरण एवं शासन प्रबन्ध।

(ख) अशोक—धर्म विजय एवं लोक कल्याण कार्य।

६. केन्द्रीय शक्ति का ह्रास एवं विदेशी आक्रमण (ईसा पूर्व १८० से ३२० ई० तक)

(क) शक, कुषाण कनिष्क-विजय एवं बौद्ध धर्म का प्रसार-महायान, हीनयान।

(ख) कला व साहित्य।

७. केन्द्रीय शक्ति का पुनरुत्थान—

(क) चन्द्रगुप्त प्रथम, समुद्रगुप्त व चन्द्रगुप्त द्वितीय—साम्राज्य का निर्माण।

(ख) शासन प्रबन्ध।

(ग) सामाजिक व धार्मिक दशा—फाह्यान।

(घ) कला, साहित्य व विज्ञान।

(ङ) आर्थिक दशा—उद्योग धन्धे, व्यापार व वैदेशिक सम्बन्ध।

(च) हूण आक्रमण व गुप्त वंश का पतन।

८. प्रान्तीय राज्यों का उदय—वर्धनवंश का उत्कर्ष—

(क) कन्नौज, काश्मीर, गौड़, थानेश्वर का उत्कर्ष।

(ख) विजय एवं शासन प्रबन्ध।

(ग) धर्म—बौद्ध धर्म का प्रचार एवं अन्य धर्मों के प्रति सहिष्णुता।

९. वृहत्तर भारत—

(क) भारतीय संस्कृति का दक्षिण-पूर्व एशिया व मध्य एशिया में प्रसार।

(ख) व्यापारिक सम्बन्ध।

१०. केन्द्रीय शक्ति का विघटन व विदेशी आक्रमण (६५० ई० से १२५० ई० तक)—

(क) उत्तरी व दक्षिणी भारत के प्रमुख राज्यों का अत्यन्त संक्षिप्त विवरण।

(ख) धार्मिक व सामाजिक दशा।

(ग) इस्लाम उदय व सिन्ध पर अरब का आक्रमण।

(घ) तुर्कों के आक्रमण—महमूद गजनवी व मुहम्मद गौरी।

११. दिल्ली सल्तनत (१२०६ से १३८८)—

(क) सल्तनत का संगठन एवं विस्तार, कुतुबुद्दीन ऐबक, इल्तुतमिश, बलबन, अलाउद्दीन खिलजी, मुहम्मद तुगलक एवं फीरोज तुगलक।

(ख) मंगोलों के आक्रमण।

(ग) शासन प्रवन्ध।

(घ) धार्मिक नीति।

१२. सल्तनत का विघटन (१३८८ ई० से १५२६ ई० तक)—

(क) तैमूर का आक्रमण, सैयद और लोदी।

(ख) प्रान्तीय राज्य—जौनपुर, बंगाल, गुजरात, मालवा, मेवाड़, विजयनगर एवं बहमनी।

(ग) विघटन के कारण।

१३. संस्कृति और समाज (१२०० ई० से १५२६ ई० तक)—

(क) सामाजिक व आर्थिक दशा।

(ख) धार्मिक दशा—सूफी व भक्ति विचार धाराएं।

(ग) साहित्य व कला।

निर्धारित ुस्तकें :

१. भारतवर्ष का इतिहास—डा०ईश्वरी प्रसाद, इण्डियन प्रेस प्रयाग

२. भारत का इतिहास—सत्यकेतु विद्यालंकार, सरस्वती सदन मंसूरी

द्वितीय प्रश्न पत्र ५०

(१५२६ ई० से वर्तमान समय तक)

१. मुगल साम्राज्य की स्थापना—बाबर व हुमायूं का राजपूतों व अफगानों से संघर्ष।

२. सूर साम्राज्य—
   (क) शेरशाह व उसकी शासन व्यवस्था।
   (ख) चरित्र।

३. मुगल साम्राज्य का पुनरुत्थान व विकास—
   (क) साम्राज्य का प्रसार, अकबर, अफगानों व अन्य राज्यों से संघर्ष, राजपूत नीति।
   (ख) सामाजिक व धार्मिक सुधार।
   (ग) अकबर का मूल्यांकन।

४. साम्राज्य का चर्मोत्कर्ष—जहांगीर व शाहजहां।

५. साम्राज्य की अवनति—औरंगजेब—
   (क) धार्मिक असहिष्णुता।
   (ख) राजपूत व सिक्ख।
   (ग) मराठा शक्ति का उदय—शिवाजी, शासन प्रबन्ध चरित्र व मूल्यांकन।

६. मुगल काल की सभ्यता व संस्कृति—
   (क) शासन-व्यवस्था।
   (ख) धार्मिक नोति।

(ग) साहित्य व कला।

(घ) सामाजिक व आर्थिक दशा।

७. यूरोपीय शक्तियों का भारत में प्रवेश—पुर्तगाली, डच, फ्रांसीसी व ब्रिटिश।

८. ब्रिटिश शक्ति का अभ्युदय—

(क) व्यापारिक शक्ति से राजनैतिक शक्ति में परिवर्तन।

(ख) साम्राज्य विस्तार (१७६३ से १८५६)।

९. कम्पनी की शासन नीति एवं वैधानिक विकास।

१०. भारत का पुनर्जागरण एवं नव निर्माण।

११. स्वतन्त्रता का संघर्ष—

(क) प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के कारण, विशेषता व परिणाम।

(ख) कांग्रेस का जन्म तथा विकास (१८८५-१९१९ ई० तक का संघर्ष)।

(ग) गांधी युग (१९१९ ई० से १९४७ ई० तक)।

(अ) अहिंसात्मक असहयोग आंदोलन।

(अ) भारत छोड़ो आन्दोलन, स्वतन्त्रता की उपलब्धि।

१२. स्वतन्त्र भारत की उपलब्धियां एवं समस्याएं (अत्यन्त संक्षिप्त वर्णन)—

(क) संविधान की विशेषतायें।

(ख) भारत का राजनैतिक एकीकरण।

(ग) पंचवर्षीय योजनायें।

(घ) भारत की विदेशी नीति—गुट निर्पेक्षता।

निर्धारित पुस्तकें :

१. भारतवर्ष का इतिहास—डा० ईश्वरी प्रसाद, इण्डियन प्रेस प्रयाग

२. भारत का इतिहास—सत्यकेतु विद्यालंकार, सरस्वती सदन मंसूरी

नागरिक शास्त्र के सिद्धान्त

प्रथम प्रश्न पत्र

१. नागरिक शास्त्र—अर्थ तथा महत्व ।

२. नागरिकता—अर्थ, कैसे प्राप्त की जाती है तथा कैसे खोई जाती है, नागरिक के अधिकार तथा कर्तव्य। आदर्श नागरिकता के मार्ग में बाधायें ।

३. व्यक्ति, समाज तथा समुदायों के भेद ।

४. राज्य परिभाषा, नागरिक का राज्य से सम्बन्ध तथा राज्य के कार्य ।

५. शासन प्रणालियां—उनकी परिभाषा ।

६. सरकारका संगठन—विधान मण्डल, कार्यपालिका तथा न्याय पालिका—उनके कार्य ।

७. क़ानून तथा स्वतंत्रता ।

निर्धारित पुस्तकें :

१. नागरिकशास्त्र और संविधान तथा प्रशासन—ले० इकबाल नारायण

२. सरल नागरिक शास्त्र और भारतीय शासन—ले० ओमप्रकाश केला

द्वितीय प्रश्न पत्र

